# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांकः जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0(आर0 कैम्प)/373/2019 दिनांकः 30 अप्रैल, 2019

सेवा में, **अतिआवश्यक / समयबद्ध / अनुस्मारक 04**

प्रबंधक / प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।

**विषयः– विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित एवं कार्यरत् शिक्षकों का डाटा आनलाईन करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन का ध्येय वाक्य है. **"गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं नकल विहीन परीक्षा"** इसी का अनुपालन करते हुए हम सभी ने मिलकर मुख्य परीक्षा– 2018–19 को सकुशल सम्पन्न कराया तथा नकल पर विराम लगा, इसके लिए सभी महाविद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य / प्राचार्या बधाई के पात्र हैं। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर शासनादेश निर्गत कर तथा विडियो–कांफ्रेसिंग के माध्यम से निर्देश दिये जाते रहे हैं कि उक्त ध्येय को अक्षरशः क्रियान्वित करना है।

2 विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 08 जुलाई, 18 अगस्त, 2018, 25 अगस्त, 2018 एवं 06 फरवरी, 2019 द्वारा आप सभी से अपेक्षा की गई थी कि विश्वविद्यालय से अनुमोदित तथा महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों का डाटा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर निर्धारित तिथि तक अपलोड करना सुनिश्चित करें। बार–बार अनुस्मारक निर्गत करने के उपरान्त भी वांछित प्रगति नहीं हो पाई है और अधिकांश महाविद्यालयों की सूचना शून्य है। ऐसी स्थिति में उत्तर प्रदेश शासन के लक्ष्य को पाना कतई संभव नहीं होगा।

3 मा0 कुलपति जी द्वारा अपेक्षा की गई है कि जिन महाविद्यालयों (राजकीय / अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित) में मानकानुसार शिक्षक अनुमोदित / कार्यरत नहीं हैं, वे तत्काल इन पदों को भरने की कार्यवाही प्रारम्भ कर दें तथा समस्त कार्यवाही **15 जून, 2019** तक पूर्ण कर लें, तदोपरान्त नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षकों का डाटा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। यदि दिनांक 15 जून, 2019 तक महाविद्यालयों में स्वीकृत पाठ्यक्रमानुसार शिक्षक नियुक्त एवं कार्यरत नहीं पाये जायेंगे तो ऐसे पाठ्यक्रमों में सम्बन्धित महाविद्यालयों को छात्र आबंटित नहीं किये जा सकेंगे। यदि महाविद्यालयों द्वारा अपने स्तर पर प्रवेश की कार्यवाही की जाती है तो ऐसे छात्रों का पंजीकरण विश्वविद्यालय

Scanned with CamScanner

# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

वेबसाइट पर किया जाना संभव नहीं होगा, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय प्रबंधतंत्र/प्राचार्य का होगा। साथ ही जिस पाठ्यक्रम में जिस अनुपात में शिक्षक कार्यरत पाये जायेंगे, उसी अनुपात में छात्रों के आबंटन/पंजीकरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

कृपया उक्त निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित करें ताकि उत्तर प्रदेश शासन की नीतियों का क्रियान्वयन हो सकें।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, वाराणसी।
3. उप कुलसचिव, को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं कालेज लाग—इन पर अपलोड कराये जाने हेतु।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner